AGLASEM.COM

MID TERM

SAMPLE PAPER

Practice Question Paper | Model Paper | Sample Question Paper

2024-2025

aglasem.com

अभ्यास प्रश्न पत्र

कक्षा XII

हिंदी (ऐच्छिक) (002)

अधिकतम अंक-80 **अवधि: 3 घंटे**

सामान्य निर्देश:- निम्नलिखित निर्देशों का पालन कीजिए -

- **इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और खंड 'ब' । खंड 'अ' में वस्तुपरक और खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।**
- **खंड 'अ' में कुल 48 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से 40 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।**
- **खंड 'ब' में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, इनमें उप-प्रश्न भी दिए गए हैं। कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

प्रश्न संख्या	खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न	अंक (उपभार x प्रश्न)
	अपठित गद्यांश	**(10)**
प्रश्न 1.	**निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए :-** भाषा बोल-चाल की भी होती है और लिखने की भी। बोल-चाल से हम अपने करीब के लोगो पर अपने विचार प्रकट करते है– अपने हर्ष-शोक के भावों का चित्र खींचते है। साहित्यकार वही काम लेखनी द्वारा करता है। हाँ, उसके श्रोताओं की परिधि बहुत विस्तृत होती है, और अगर उसके बयान मे सच्चाई है, तो शताब्दियों और युगों तक उसकी रचनाएँ हृदयो को प्रभावित करती रहती है। परन्तु मेरा अभिप्राय यह नहीं है कि जो कुछ लिख दिया जाए, वह सब का सब साहित्य है। साहित्य उसी रचना को कहेगे जिसमे कोई सच्चाई प्रकट की गयी हो, जिसकी भाषा प्रौढ़, परिमार्जित एव सुन्दर हो और जिसमे दिल और दिमाग पर असर डालने का गुण हो और साहित्य मे यह गुण पूर्ण रूप से उसी अवस्था मे उत्पन्न होता है, जब उसमे जीवन की सच्चाइयाँ और अनुभूतियाँ व्यक्त की गयी हों। तिलस्माती कहानियों, भूत-प्रेत की कथाओं ओर प्रेम-वियोग के आख्यानों से किसी जमाने मे हम भले ही प्रभावित हुए हो; पर अब उनमें हमारे लिए बहुत कम दिलचस्पी है। इसमे सन्देह नहीं कि मानव-प्रकृति का मर्मज्ञ साहित्यकार राजकुमारों की प्रेम-गाथाओं और तिलस्माती कहानियों मे भी जीवन की सच्चाइयाँ वर्णन कर सकता है, और सौन्दर्य की सृष्टि कर सकता है, परन्तु इससे भी इस सत्य की पुष्टि ही होती है कि साहित्य मे प्रभाव उत्पन्न करने के लिए यह आवश्यक है कि वह जीवन की सच्चाइयों का दर्पण हो। फिर आप उसे जिस चौखटे मे चाहे, लगा सकते है– चिड़े की कहानी और गुलोबुलबुल की दास्तान भी उसके लिए उपयुक्त हो सकती है। साहित्य की बहुत-सी परिभाषाएँ की गयी है; पर मेरे	

docs.aglasem.com

aglasem.com

	विचार से उसकी सर्वोत्तम परिभाषा 'जीवन की आलोचना' है। चाहे वह निबन्ध के रूप में हो, चाहे कहानियों के, या काव्य के, उसे हमारे जीवन की आलोचना और व्याख्या करनी चाहिए।	
	निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए-	**1x10= 10**
(i)	किसकी परिधि सबसे विस्तृत होती है? (क) लेखक (ख) श्रोता (ग) वक्ता (घ) दर्शक	
(ii)	गद्यांश के अनुसार साहित्य किसे कहा जाना चाहिए? (क) जिसमें किस्से-कहानियाँ हों (ख) जिसमें कल्पना का सौंदर्य हो (ग) जिसमें जीवन का यथार्थ चित्रण हो (घ) जिसमें जादू और तिलस्म हो	
(iii)	गद्यांश के अनुसार साहित्य मे प्रभाव कैसे उत्पन्न किया जा सकता है? (क) सौन्दर्य की सृष्टि द्वारा (ख) जीवन की सच्चाइयों को दिखाकर (ग) भूत-प्रेत और जादुई घटनाओं को दिखाकर (घ) प्रेम की सुखद अनुभूति को दिखाकर	
(iv)	किस प्रकार के साहित्यकारों की रचनाएँ शताब्दियों और युगों तक हृदयो को प्रभावित करती रहती हैं? (क) जिनके लेखन में गल्प होता है (ख) जिनके लेखन में कल्पना होती है (ग) जिनके लेखन में सच होता है (घ) जिनके लेखन में मिथ्या होती है	
(v)	तिलस्माती कहानियों, भूत-प्रेत की कथाओं ओर प्रेम-वियोग के आख्यानों में लेखक की दिलचस्पी अब क्यों नहीं है? (क) क्योंकि अब उनमें मनोरंजन का तत्व नहीं रहा (ख) क्योंकि वे जीवन के यथार्थ से बहुत दूर हैं (ग) क्योंकि वे अब साहित्य का उद्देश्य बन गई हैं (घ) क्योंकि उनकी रचना अब बहुत कम हो गई हैं	
(vi)	लेखक के अनुसार साहित्य की सर्वोत्तम परिभाषा है- (क) जीवन की कल्पना	

docs.aglasem.com

aglasem.com

	(ख) जीवन की आलोचना (ग) जीवन की तुलना (घ) जीवन की संकल्पना	
(vii)	जिस साहित्य में जीवन की सच्चाइयाँ और अनुभूतियाँ व्यक्त की जाती हैं, उनका प्रभाव होता है- (क) सीमित (ख) व्यापक (ग) संकुचित (घ) सूक्ष्म	
(viii)	लेखक के अनुसार चिड़े की कहानी और गुलोबुलबुल की दास्तान भी वास्तविक साहित्य की श्रेणी में कब आ जाते हैं? (क) जब उनमें फंतासी युक्त चित्रण होता है (ख) जब उनमें दुख का सच्चा चित्रण होता है (ग) जब उनमें जीवन का सच्चा चित्रण होता है (घ) जब उनमें सच्चे सुख का चित्रण होता है	
(ix)	निम्नलिखित में भाषा का कौन-सा रूप नहीं होता? (क) लिखित (ख) मौखिक (ग) सांकेतिक (घ) पाक्षिक	
(x)	'परिमार्जित' शब्द का क्या अर्थ है? (क) एकत्र किया हुआ (ख) साफ़ अथवा मांजा हुआ (ग) अपरिवर्तित (घ) अर्जित किया हुआ	
	अपठित पद्यांश	**(8)**
प्रश्न 2.	**निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए :-** क्या रोकेंगे प्रलय मेघ ये, क्या विद्युत्-घन के नर्तन, मुझे न साथी रोक सकेंगे, सागर के गर्जन-तर्जन। मैं अविराम पथिक अलबेला रुके न मेरे कभी चरण, शूलों के बदले फूलों का किया न मैंने मित्र चयन। मैं विपदाओं में मुसकाता नव आशा के दीप लिए, फिर मुझको क्या रोक सकेंगे जीवन के उत्थान-पतन। मैं अटका कब, कब विचलित में, सतत डगर मेरी संबल,	

docs.aglasem.com
aglasem.com

	रोक सकी पगले कब मुझको यह युग की प्राचीर निबल। आँधी हो, ओले-वर्षा हों, राह सुपरिचित है मेरी, फिर मुझको क्या डरा सकेंगे ये जग के खंडन-मंडन। मुझे डरा पाए कब अंधड़, ज्वालामुखियों के कंपन, मुझे पथिक कब रोक सके हैं अग्निशिखाओं के नर्तन। मैं बढ़ता अविराम निरन्तर तन-मन में उन्माद लिए, फिर मुझको क्या डरा सकेंगे, ये बादल-विद्युत् नर्तन।	
	निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -	**1x8=8**
(i)	कवि स्वयं को क्या मानता है? (क) देव (ख) पथिक (ग) भिक्षुक (घ) नर्तक	
(ii)	कवि ने फूलों के स्थान पर शूलों से मित्रता क्यों की है? (क) क्योंकि उसकी लक्ष्य-प्राप्ति की इच्छाशक्ति दृढ है (ख) क्योंकि उसे फूल पसंद नहीं हैं (ग) क्योंकि वह मार्ग की बाधाओं से घबराता है (घ) क्योंकि उसमें मानशिक बल की कमी है	
(iii)	कवि विपदाओं में भी क्या करता है? (क) नई आशा के दीप लिए नाचता है (ख) नई आशा के दीप लिए रोता है (ग) निराशा के दीप लिए मुस्काता है (घ) नई आशा के दीप लिए मुस्काता है	
(iv)	'अग्निशिखाओं के नर्तन' में अलंकार है - (क) अनुप्रास (ख) रूपक (ग) उपमा (घ) मानवीकरण	
(v)	'अविराम' शब्द का अर्थ है - (क) बिना चले (ख) बिना रुके (ग) बिना समझे (घ) बिना दौड़े	
(vi)	'युग की प्राचीर निबल' का भाव है-	

docs.aglasem.com

aglasem.com

	(क) आधुनिक आलीशान महल (ख) प्राचीन जर्जर किले (ग) आधुनिक आलीशान किले (घ) प्राचीन जर्जर महल	
(vii)	कवि के लिए कौन-सी राह सुपरिचित है? (क) निष्कंटक सरल राह (ख) बाधाओं और विपदाओं से भरी राह (ग) फूल और सुगंधों से भरी राह (घ) पर्वत झरने और जलाशयों से भरी राह	
(viii)	'पतन' शब्द का विलोम लिखिए- (क) उद्धार (ख) उन्नयन (ग) उत्साह (घ) उत्थान	
	अथवा	
	शांत स्निग्ध, ज्योत्स्ना उज्जवल। अपलक अनंत, नीरव भू-तल। सैकत-शय्या पर दुग्ध-घवल, तन्वंगी गंगा, ग्रीष्म-विरल, लेटी हैं श्रान्त, क्लान्त, निश्चल। तापस-बाला गंगा, निर्मल, शशि-मुख से दीपित मृदु-करतल, लहरे उर पर कोमल कुंतल। गोरे अंगों पर सिंहर-सिहर, लहराता तार-तरल सुन्दर चंचल अंचल-सा नीलांबर। साड़ी की सिकुड़न-सी जिस पर, शशि की रेशमी-विभा से भर, सिमटी हैं वर्तुल, मृदुल लहर। चाँदनी रात का प्रथम प्रहर, हम चले नाव लेकर सत्वर। सिकता की सस्मित-सीपी पर, मोती की ज्योत्स्ना रही विचर, लो, पालें चढ़ी, उठा लंगर। मृदु मंद-मंद, मंथर-मंथर, लघु तरणि, हंसिनी-सी सुन्दर तिर रही, खोल पालों के पर। निश्चल-जल के शुधि-दर्पण पर, बिम्बित हो रजत-पुलिन निर्भर दुहरे ऊँचे लगते क्षण भर ।	
	निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -	

docs.aglasem.com
aglasem.com

(i)	प्रस्तुत काव्यांश में किसका वर्णन है ? (क) प्रकृति का (ख) नौका विहार का (ग) गंगा का (घ) रात्रि का	
(ii)	कवि ने किसे तपस्विनी कहा है? (क) गंगा को (ख) नदी को (ग) रात्रि को (घ) प्रकृति को	
(iii)	'तन्वंगी' शब्द का क्या अर्थ है? (क) युवती (ख) छरहरी (ग) गंगा (घ) नदी	
(iv)	कवि ने किसे केशों के समान बताया है ? (क) लहरों को (ख) पतवार को (ग) द्वीप को (घ) चंद्रमा को	
(v)	'मृदु मंद-मंद, मंथर-मंथर' पंक्ति में निहित अलंकार क्या है ? (क) अनुप्रास (ख) रूपक (ग) मानवीकरण (घ) उपमा	
(vi)	किसकी चमक रेशमी है? (क) नाव की (ख) कवि की (ग) चंद्रमा की (घ) उपर्युक्त सभी की	
(vii)	'सिकता' का अर्थ क्या है? (क) रेत (ख) धरती (ग) नदी	

docs.aglasem.com

aglasem.com

	(घ) समुद्र	
(viii)	नाव की कौन सी विशेषता बताई गई है? (क) हंस के समान सुंदर (ख) सूर्य के समान तीक्ष्ण (ग) पंक के समान मलिन (घ) कोयल के समान मृदुल	
	अभिव्यक्ति और माध्यम	**(5)**
प्रश्न 3.	**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -**	**1x5=5**
(i)	हिन्दी में नेट पत्रकारिता किसके साथ आरंभ हुई? (क) वैब दुनिया के साथ (ख) दैनिक जागरण के साथ (ग) दैनिक भास्कर के साथ (घ) राजस्थान पत्रिका के साथ	
(ii)	समाचार पत्र प्रकाशित या प्रसारित करने के लिए आखिरी समय सीमा को क्या कहा जाता है? (क) ब्लू लाइन (ख) ब्लैक लाइन (ग) रेड लाइन (घ) डेड लाइन	
(iii)	संपादकीय लिखने का कार्य किसका होता है? (क) वरिष्ठ पत्रकार का (ख) रिपोर्ट लेखक का (ग) संपादक और सहायक संपादकों का (घ) कोई भी लिख सकता है	
(iv)	कविता का जन्म किस परंपरा के रूप में हुआ था? (क) वाचिक रूप में (ख) लिखित रूप में (ग) यांत्रिक रूप में (घ) उपर्युक्त तीनों रूपों में	
(v)	नाटक को कौन-सा काव्य कहते हैं? (क) श्रव्य-काव्य (ख) महा-काव्य (ग) दृश्य-काव्य (घ) खंड-काव्य	

docs.aglasem.com

aglasem.com

	पाठ्य-पुस्तक (अंतरा भाग 2)	(12)
प्रश्न 4.	**निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए :-** अरुण यह मधुमय देश हमारा! जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा॥ सरल तामरस गर्भ विभा पर, नाच रही तरुशिखा मनोहर। छिटका जीवन हरियाली पर, मंगल कुंकुम सारा॥ लघु सुरधनु से पंख पसारे, शीतल मलय समीर सहारे। उड़ते खग जिस ओर मुँह किए, समझ नीड़ निज प्यारा॥ बरसाती आँखों के बादल, बनते जहाँ भरे करुणा जल। लहरें टकरातीं अनन्त की, पाकर जहाँ किनारा॥ हेम कुम्भ ले उषा सवेरे, भरती ढुलकाती सुख मेरे। मदिर ऊँघते रहते जब, जगकर रजनी भर तारा॥	
	निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -	**1x6=6**
(i)	हमारा देश कैसा है? (क) अनजान और छिटका (ख) अरुण और मधुमय (ग) सरल और तामरस (घ) हेम और कुम्भ	
(ii)	'अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा' में कौन-सा भाव है? (क) भारत में अपरिचित लोगो को भी आश्रय मिलता है (ख) भारत में सूर्य पश्चिम दिशा में क्षितिज पर उगता है (ग) भारत में हिमालय क्षितिज के रूप में कार्य करता है (घ) भारत में नदियाँ क्षितिज पर जाकर मिलती हैं	
(iii)	प्रस्तुत गीत कौन गा रही है? (क) देवसेना (ख) कार्नेलिया (ग) चन्द्रलेखा (घ) उषा	
(iv)	प्रातःकाल कौन सुख बरसा रहा है? (क) रजनी (ख) हेम (ग) कुम्भ (घ) उषा	
(v)	आकाश में उड़ते हुए छोटे पक्षी किस भांति प्रतीत हो रहे हैं?	

docs.aglasem.com
aglasem.com

	(क) वारिद बिंदु के समान (ख) तरुशिखा के समान (ग) इंद्रधनुष के समान (घ) उषा घट के समान	
(vi)	'करुणा जल' में कौन-सा अलंकार है? (क) मानवीकरण (ख) रूपक (ग) उपमा (घ) उत्प्रेक्षा	
प्रश्न 5.	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए।** चौधरी साहब से तो अब अच्छी तरह परिचय हो गया था। अब उनके यहाँ मेरा जाना एक लेखक की हैसियत से होता था। हम लोग उन्हें एक पुरानी चीज समझा करते थे। इस पुरातत्व की दृष्टि में प्रेम और कुतूहल का एक अद्भुत मिश्रण रहता था। यहाँ पर यह कह देना आवश्यक है कि चौधरी साहब एक खास हिंदुस्तानी रईस थे। वसंत पंचमी, होली इत्यादि अवसरों पर उनके यहाँ खूब नाचरंग और उत्सव हुआ करते थे। उनकी हर एक अदा में रियासत और तबीयतदारी टपकती थी। कंधों तक बाल लटक रहे हैं। आप इधर से उधर टहल रहे हैं। एक छोटा-सा लड़का पान की तश्तरी लिए पीछे-पीछे लगा हुआ है। बात की कॉट-छाँट का क्याड कहना है ! जो बातें उनके मुँह से निकलती थीं, उसमें एक विलक्षण वक्रता रहती थी। उनकी बातचीत का ढंग उनके लेखों के ढंग से एकदम निराला था।	
	निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -	**1x6=6**
(i)	उपर्युक्त गद्यांश में 'चौधरी साहब' का प्रयोग किसके लिए किया गया है? (क) रामचंद्र शुक्ल (ख) भारतेंदु हरिश्चंद्र (ग) केदारनाथ पाठक (घ) उपाध्याय बद्रीनारायण	
(ii)	'हम लोग उन्हें एक पुरानी चीज समझा करते थे।' पंक्ति का आशय है- (क) चौधरी साहब को प्राचीन वस्तु समझना (ख) चौधरी साहब को पुरातात्विक वस्तु समझना (ग) चौधरी साहब को वयोवृद्ध और अनुभवी समझना (घ) चौधरी साहब को नया और ऊर्जावान समझना	
(iii)	लेखक ने चौधरी साहब को 'एक खास हिंदुस्तानी रईस' क्यों कहा है? (क) क्योंकि वे प्रायः सभी पर्व-त्योहारों पर लोगों को दान देकर उत्सव मनाते थे (ख) क्योंकि वे अकूत धन-दौलत के स्वामी थे (ग) क्योंकि उनका बातचीत का ढंग औरों से निराला था	

docs.aglasem.com
aglasem.com

	(घ) क्योंकि वे प्रायः सभी पर्व-त्योहारों पर लोगों को शामिल कर उत्सव मनाते थे	
(iv)	निम्नलिखित में चौधरी साहब की विशेषता नहीं थी- (क) तरफदारी (ख) तबीयतदारी (ग) मनोरंजन प्रेमी (घ) बातचीत की विशिष्ट शैली	
(v)	'विलक्षण वक्रता' से तात्पर्य है- (क) अद्भुत प्रगतिशीलता (ख) अद्भुत व्यंग्यात्मकता (ग) अद्भुत परिपक्वता (घ) अद्भुत निरंकुशता	
(vi)	'हैसियत' शब्द में प्रत्यय है- (क) हस (ख) यत (ग) इयत (घ) सियत	
	पूरक पाठ्य-पुस्तक (अंतराल भाग 2)	**(05**
प्रश्न 6.	**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए -**	**1x5**
(i)	'सूरदास की झोपड़ी' किस उपन्यास का अंश है? (क) रंगभूमि (ख) गबन (ग) सूरदास (घ) कर्मभूमि	
(ii)	'अभिलाषाओं की राख है' से क्या तात्पर्य है? (क) सभी पैसों का जल जाना (ख) झोपड़ी का जल जाना (ग) ईर्ष्या के कारण झोपड़ी जलना (घ) झोपड़ी के साथ उसके अभिलाषाओं की पूर्ति समाप्त होना	
(iii)	सूरदास ने पैसे क्यों जमा किए थे? (क) पिंडदान के लिए (ख) मिठुआ के ब्याह के लिए (ग) गांव वालों के लिए कुआं बनवाने के लिए (घ) उपरोक्त सभी	
(iv)	'बिस्कोहर की माटी' पाठ के अनुसार गर्मी और लू से बचने के उपाय कौन-से हैं?	

docs.aglasem.com
aglasem.com

	(क) बहुत ज्यादा दूध पीना चाहिए (ख) नींबू का पानी अत्याधिक पीना चाहिए (ग) कमीज में या धोती में गांठ लगाकर प्याज बांध लेना चाहिए (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं	
(v)	'बिस्कोहर की माटी' पाठ में आए शब्द 'कोइयां' से क्या अभिप्राय है? (क) कोयला (ख) जल में उगने वाला पुष्प (ग) लकड़ी (घ) इनमें से कोई नहीं	
	खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न	
	अभिव्यक्ति और माध्यम	**(17)**
प्रश्न 7.	**निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए :-** (क) अति सर्वत्र वर्जयेत (ख) वर्षा का एक दिन (ग) भारत की भाषाई विविधता	**5x1=5**
प्रश्न 8.	**निम्नलिखित प्रश्नों में किन्हीं <u>दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-**	**3x2=6**
(i) **(ii)** **(iii)**	स्टिंग ऑपरेशन से क्या अभिप्राय है? उल्टा पिरामिड शैली क्या होती है ? वॉच डॉग पत्रकारिता क्या है?	
प्रश्न 9.	**निम्नलिखित <u>प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-**	**3x2=6**
(i) **(ii)**	एक अच्छे समाचार की कोई तीन विशेषताएँ बताइए। कविता लेखन में बिंबों की क्या भूमिका है?	
	पाठ्य-पुस्तक (अंतरा भाग 2 और अंतराल भाग 2)	**(20+3)**
प्रश्न 10.	**निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-**	**2x2=4**
(i) **(ii)** **(iii)**	'वह लता वहीं की, जहाँ कली तू खिली' पंक्ति के द्वारा किस प्रसंग को उद्घाटित किया गया है? अगहन मास में नागमती की विरह-वेदना का वर्णन जायसी ने किस प्रकार किया है? स्पष्ट कीजिए- 'यह दीप अकेला' में दीपक के प्रतीकार्थ को स्पष्ट करते हुए बताइए कि कवि ने उसे स्नेह भरा, गर्व भरा एवं मदमाता क्यों कहा है?	
प्रश्न 11.	**निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें -**	**6x1=6**
	आह! वेदना मिली विदाई मैंने भ्रमवश जीवन संचित, मधुकरियों की भीख लुटाई	

docs.aglasem.com
aglasem.com

	अथवा मुझको दीख गया : सूने विराट् के सम्मुख हर आलोक-छुआ अपनापन है उन्मोचन नश्वरता के दाग से!	
प्रश्न 12.	**निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नो के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए-**	**2x2=4**
(i) **(ii)** **(iii)**	"चौधरी साहब एक खासे हिंदुस्तानी रईस थे" कैसे? लेखक ने धर्म का रहस्य जानने के लिए घड़ी के पुर्जे का दृष्टांत क्यों दिया है ? संवाद देते समय बड़ी बहुरिया की आँखें क्यों छलछला आईं?	
प्रश्न 13.	**निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें -**	**6x1=6**
	बकौल वात्स्यायन के, आज का कबूतर अच्छा है कल के मोर से, आज का पैसा अच्छा है कल के मोहर से। आँखों देखा ढेला अच्छा ही होना चाहिए लाखों कोस की तेज पिण्ड से।	
प्रश्न 14.	**निम्नलिखित में से किसी <u>एक प्रश्न</u> का उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए-**	**3x1=3**
(i) **(ii)**	'तो हम सौ लाख बार बनाएंगे' इस कथन के संदर्भ में सूरदास के चरित्र की विवेचना कीजिए। बिसनाथ ने किन आधारों पर अपनी माँ की तुलना बतख से की है?	

docs.aglasem.com

aglasem.com

Sample Papers

- CBSE Sample Papers
- ICSE / ISC Board Sample Papers
- AP Board Sample Papers
- Assam Board Sample Papers
- Bihar Board Sample Papers
- Chhattisgarh Board Sample Papers
- Goa Board Sample Papers
- Gujarat Board Sample Papers
- Haryana Board Sample Papers
- HP Board Sample Papers
- J&K State Board Sample Papers
- Jharkhand Board Sample Papers
- Karnataka Board Sample Papers
- Kerala Board Sample Papers

Sample Papers

- MP Board Sample Papers
- Maharashtra Board Sample Papers
- Manipur Board Sample Papers
- Mizoram Board Sample Papers
- Orissa Board Sample Papers
- Punjab Board Sample Papers
- Rajasthan Board Sample Papers
- Tamil Nadu Board Sample Papers
- Telangana State Board Sample Papers
- Tripura Board Sample Papers
- UP Board Sample Papers
- Uttarakhand Board Sample Papers
- West Bengal Board Sample Papers

